पेज-11





वन डे रैंकिंग में 9 वें स्थान पर पहुंची.......

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-10



श्रद्धा कपूर का आइटम करने से इंकार.....

वर्ष : 12 | अंक : 300 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | बुधवार, 06 नवम्बर 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### बांदीपोरा में मुठभेड़, सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के केतसोन इलाके में मंगलवार को आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई. सूत्रों के अनुसार, केतसोन जंगल में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई. अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने मंगलवार को वन क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया. इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

हर निजी संपत्ति का अधिग्रहण नहीं कर सकती सरकार, पढें.सुप्रीम कोर्ट के फैसले की बड़ी बातें

सुप्रीम कोर्ट ने 45 साल पुराने फैसले को पलटते हुए कहा कि सरकार हर निजी संपत्ति का अधिग्रहण नहीं कर सकती. कोर्ट ने बताया कि केवल सार्वजनिक भलाई के लिए ही निजी संपत्तियों का अधिग्रहण किया जा सकता है.

### हर निजी संपत्ति का अधिग्रहण नहीं कर सकती सरकार : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को निजी संपत्तियों के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार सभी निजी संपत्तियों का अधिग्रहण नहीं कर सकती है. कोर्ट ने 45 साल पुराने अपने ही फैसले को पलटते हुए यह निर्णय दिया, जिसमें कहा गया था कि सरकार किसी भी निजी संपत्ति का अधिग्रहण कर सकती है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत से यह फैसला दिया. सात जजों ने इस पर सहमति जताई, जबकि जस्टिस बीवी नागरत्ना ने आंशिक सहमति व्यक्त की और जस्टिस सुधांशु धूलिया ने अलग राय दी. इस प्रकार बहुमत से फैसला 8-1 रहा।

### संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा, जिसमें संविधान की 75वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी. इस दौरान वन नेशन वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक जैसे अहम बिल पेश होंगे. संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने जानकारी दी।

## हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को रोके जाने का मामला : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लिखा पत्र

- झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को रोके जाने संबंधी मामले पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ऑथोरिटी के निदेशक को वस्तुस्थित से अवगत कराने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लिखा पत्र
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ 23 अक्टूबर को एयरपोर्ट ऑथोरिटी एवं राजनीतिक दलों के समनवय से संबंधित हुई थी बैठक

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में सभी प्रत्याशियों के लिए एकसमान अवसर उपलब्ध करने के उद्देश से राज्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कराया जा रहा है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा द्वारा उनके स्टार प्रचारक श्री हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर रोके जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। संबंधित मामले पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ऑथोरिटी के निदेशक को 6 नवंबर पूर्वाह्न तक वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई संवादहीनता न रहे इस बात को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट ऑथोरिटी के साथ 23 अक्टूबर को निर्वाचन सदन में राजनीतिक दलों संग एयरपोर्ट ऑथोरिटी की बैठक भी आयोजित की गई थी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को एयरपोर्ट ऑथोरिटी के वीआईपी मूवमेंट से संबंधित दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए संशय की स्थिति में संपर्क करने हेतु नंबर भी साझा किए गए थे। ताकि विधानसभा निर्वाचन में सभी के लिए एक समान अवसर प्राप्त हो।





# इंडिया गठबंधन ने जारी किया घोषणा पत्र



### इंडिया गठबंधन ने सात गारंटी देने का वादा किया

**1- गारंटी 1932 आधारित खतियान की :** इसके अंतर्गत 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षित करने का वादा किया गया है।

**2- गारंटी मंईयां सम्मान की :** इस गारंटी के तहत अलायंस ने दिसंबर 2024 से मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत 2500 रुपए की राशि देने का वादा किया।

**3- गारंटी सामाजिक न्याय की।**

**4- गारंटी खाद्य सुरक्षा की।**

**5- गारंटी रोजगार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की।**

**6- गारंटी शिक्षा की।**

**7- गारंटी किसान कल्याण।**

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** इस घोषणापत्र को 'एक वोट सात गारंटी' नाम दिया गया है। इस बारे में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि गठबंधन की सरकार बनने के बाद महिलाओं को फिलहाल जो 1 हजार रुपए महीना मिल रहा है, उसे बढ़ाकर 2500 रुपए महीना दिया जाएगा। यह राशि दिसंबर से ही मिलना शुरू हो जाएगी। झारखंड के चुनावी समर को जीतने के लिए इंडिया गठबंधन पूरी ताकत के साथ चुनाव में उतरी है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राजद जयप्रकाश यादव और माले नेता शुभेंदु सेन की मौजुदगी में सात निश्चय सात संकल्प जारी किया जा रहा है. राजधानी के होटल बीएनआर में जारी इंडिया गठबंधन के इस संयुक्त संकल्प पत्र में जनता से वर्तमान सरकार की उपलब्धि और भविष्य में सरकार बनने पर वादे किए गए हैं. इस कार्यक्रम में कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बलमुचू, राजेश ठाकुर, जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद हैं।

## झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने चतरा में चुनाव प्रचार किया



**चतरा।** राज्य के मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को चतरा जिले के टंडवा पहुंचे. जहां कार्यकताओं ने उनका भव्य तरीके से स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टंडवा के इस दौरान मुख्यमंत्री ने टंडवा के पशु मेला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में प्रचार किया. इस दौरान उन्होंने सरकार की 5 सालों की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के ऋण माफी से लेकर घर के बिजली बिल का माफी और महिलाओं और बेटियों के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार झारखंड के गरीब-गुरबा और आदिवासी दलित के लिए लड़ाई लड़ रही है. वहीं दूसरी ओर विपक्ष की भाजपा तरह-तरह के षड्यंत्र को रचकर मुझे और मेरी सरकार को अस्थिर करने के लिए जांच एजेंसियों को आगे लाकर जेल भेजने का काम कर रही है. उन्होंने कहा कि इतने में इनका मन नहीं भरा तो भाजपा के लोग परिवार की लड़ाई करवा रहे हैं। सीएम ने कहा कि भाजपा वाले रोटी, बेटी और माटी की बात करते हैं लेकिन उन्हें भाजपाइयों के गुजरात में एक बेटी के साथ 25 दरिंदों ने सामूहिक दुष्कर्म किया, लोगों को लगा कि सुप्रीम कोर्ट उन आरोपियों को सजा देगी लेकिन चुनाव आते ही वही बलात्कारी चुनाव प्रचार में मिले. मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोग नहीं चाहते कि राज्य के आदिवासी और दलित परिवारों को उनका सम्मान और अधिकार मिले इसलिए भाजपा के एक दर्जन मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री झारखंड में गिद्ध की तरह मंडरा रहे हैं. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीत की तरह मंडरा रहे भाजपा के नेताओं को तीर चलाकर उनको मार गिरने का काम करें।

## झारखंड के मूल माटी भाषा संस्कृति को बचाने के लिए वोट करें: कल्पना सोरेन

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** 13 दिसंबर को अपना बहुमूल्य वोट देकर गुमला विधानसभा के उम्मीदवार भूषण तिर्की को भारी मतों से विजय बनाएं। स्थानीय सिसई रोड स्थित हवाई अड्डा में गांडेय विधायक झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक श्रीमती कल्पना सोरेन एक चुनावी बड़े जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव समय से पहले किया जा रहा है, पहले पांच चरणों में चुनाव होता था लेकिन इस चुनाव को महाराष्ट्र के साथ दो चरणों में बड़े ही आपा धापी मैं निर्णय लेकर कराया गया है

जो समझ से परे है उन्होंने इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर बरसते हुए कहा कि बीजेपी के बड़े नेता मुख्यमंत्री बड़े, बड़े जहाज में झारखंड में लेकर पहुंच गए हैं और मासूम भोले भाले आदिवासियों को मूल वासियों को झूठ प्रलोभन और दीग भ्रमित करने में लगे हुए हैं, बीजेपी को आदिवासियों, झारखंड वासियों से कोई लेना-देना नहीं है इन्हें यहां के खनिज संपदा जमीन जंगल को बर्बाद करने पर नजर है और झूठ का आंसू बाहर रहे हैं और कहते हैं कि हम झारखंड के हितैसी है इनकी चिकनी चौड़ी बातों पर आप सबको नहीं आना है दिग्भ्रमित भी नहीं होना है, भाजपा सरकार जिस जमीन पर आदिवासी रहता है खनिज संपदा है इस पर इनकी पैनी नजर रहती है, इनके सरकार में जंगल के जंगल बेतहाशा काटे जा रहे हैं इन्हें कोई चिंता नहीं है हम प्रकृति के सेवक हैं पहाड़ पेड़ जंगल कि हम सब पूजा करते हैं आज यह हमारे अस्तित्व के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। भाजपा सरकार जहां-जहां कारखाने लगते हैं वहां के लोगों का जान माल का खतरा बन जाता है केंद्र सरकार अपने एक दो राज्यों को बढ़ावा दे रहे हैं वोट तो यह सबसे लेते हैं झूठे वादे भी करते हैं और वोट लेने के लिए कहते थे की 1 वर्ष में 2 करोड़ नौकरी देंगे क्या मिला नौकरी 15 लाख खाते में आने की बात की गई क्या आया किसी के खाते में इन्हें चुनाव के समय झारखंड की चिंता सता रही है झारखंड में 20 वर्ष बीजेपी की सरकार रही लेकिन हमारे मान सम्मान को कुचलना का कार्य किया है।



## हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया, एक्ट को पूरी तरह सही बताया

- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इसी साल 22 मार्च को एक याचिका की सुनवाई करते हुए यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक बताया था. सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया है और एक्ट को पूरी तरह सही बताया है.

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूपी मदरसा शिक्षा अधिनियम 2004 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला मदरसों के लिए राहत की खबर बन गया. शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें मदरसों को असंवैधानिक बताया गया था. अदालत के इस फैसले से उत्तर प्रदेश के तकरीबन 16 हजार से ज्यादा मदरसों को लाभ होगा। यह फैसला चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में गठित तीन जजों की बेंच ने सुनाया. फैसले में यूपी के मदरसों को लेकर दिए गए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया गया. कोर्ट ने ये टिप्पणी भी की कि महज संविधान के बुनियादी ढांचे के हनन का हवाला देकर किसी कानून को रद्द नहीं किया जा सकता. ऐसा सिर्फ तभी किया जासकता है जब वो मूल अधिकारों के खिलाफ हो या फिर उस सरकार ने कानून बनाया हो, जिसके पास ऐसा करने का संवैधानिक अधिकार न हो।



**क्या है यूपी मदरसा शिक्षा अधिनियम 2004 :** यूपी का मदरसा शिक्षा अधिनियम 2004 में तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार ने बनाया था. इसमें कहा गया था कि सभी मदरसे सरकार के नियमों के अधीन होंगे. इस फैसले से सीधे सीधे यूपी के 16 हजार से ज्यादा रजिस्टर्ड मदरसे सरकार के अधीन आ गए थे. इस एक्ट से 8 हजार अन्य मदरसों को बाहर रखा गया था जो रजिस्टर्ड नहीं हैं. प्रदेश भर में 560 मदरसे ऐसे हैं जो सरकार के कोष से चलते हैं।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट का क्या था आदेश? :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इसी साल 22 मार्च को एक याचिका की सुनवाई करते हुए यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक बताया था. दरअसल ये कानून मुलायम सिंह यादव के सीएम रहते हुए पास किया गया था।

## झारखंड में कई जगहों पर सीबीआई के छापे, भारी मात्रा में कैश बरामद

- सीबीआई ने झारखंड के साहिबगंज जिले में 8 जगहों पर छापेमारी की। खबर लिखे जाने तक छापेमारी जारी थी। इन छापों में भारी मात्रा में नकदी जब्द की गई है।





दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कथित नींबू पहाड़ पत्थर खनन घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई ने तीन राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार में 16 जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक सहयोगी भी संदेह के घेरे में हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने झारखंड के साहेबगंज में 11 ठिकानों जबकि रांची में तीन स्थानों पर छापेमारी की। तीनों राज्यों में चली इस कार्रवाई के दौरान सीबीआई ने 50 लाख रुपये नकद, एक किलो सोना, एक किलो चांदी के अलावा करोड़ों रुपये की संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए हैं। बताया जाता है कि सीबीआई की टीम सुबह मिजाचौकी पहुंची और चार पत्थर कारोबारी के यहां छापेमारी शुरू की। उसके बाद बरहड़वा, पतना और उधवा में भी सीबीआई का छापा पड़ा। छापेमारी में सीबीआई को भारी मात्रा में नकदी के साथ एक रिवल्वर बरामद हुआ। रिवल्वर लाइसेंसी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि छापेमारी टीम में रांची और कोलकाता के सीबीआई अधिकारी शामिल हैं। उधवा में पत्थर कारोबारी महताब आलम के आवास पर सीबीआई का छापा पड़ा। सुबह 10.50 बजे बोलेरो से पहुंची सीबीआई की छः सदस्यीय टीम महताब आलम के आवास पर छापेमारी की। इस दौरान घर के सभी सदस्यों को अंदर कर किसी को बाहर-भीतर नहीं करने की हिदायत देकर जांच शुरू की। सीबीआई ने महताब आलम के भाई अफताब आलम, मो. सलाउद्दीन और मो. अलाउद्दीन से जरूरी जानकारी हासिल की। घर से एक लाख नकद और और एक लाइसेसी रिवल्वर जब्त किया। घर के सभी सदस्यों के आधार कार्ड का जेरोक्स कॉपी भी सीबीआई ने लिया। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी चल रही थी। मंडरो, मिजाचौकी के चार पत्थर कारोबारी के यहां सीबाआई ने छापेमारी की। बताया जाता है कि मिजाचौकी के पत्थर कारोबारी रंजन वर्मा, संजय जायसवाल, टिंकल भगत और अवध किशोर सिंह उर्फ पतरू सिंह के यहां पांच घंटे से अधिक समय से जांच चल रही है। चर्चा है कि सीबीआई ने मिजाचौकी में एक पत्थर कारोबारी के घर से भारी मात्रा में नकदी जब्त की है।

## लोक आस्था का महापर्व हुआ शुरू, भक्तिमय हुआ माहौल



- दिवाली के बाद अब छठ पूजा को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है. दूर-दूर से लोग घर आ रहे हैं.

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** हिंदू पंचांग के अनुसार एक साल में लोक आस्था का महापर्व छठ 2 बार मनाया जाता है. पहला चैत्र महीने में जिसे चैती छठ कहा जाता है. यह छोटे पैमाने पर होता है. यानि कुछ गिने चुने परिवार इसे मनाते हैं. दूसरा कार्तिक महीने में मनाया जाने वाला छठ है. यह व्यापक पैमाने पर मनाया जाता है. भारत ही नहीं देश-विदेश में भी लोग छठ पर्व मनाते हैं. बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश तो 15 दिन पहले से पूरी तरीके से छठ के रंग जाता है. महापर्व पर लोग ट्रेन, बस और फ्लाइट से देश-विदेश से सपरिवार घर वापस लौटते हैं. कार्तिक में मनाया जाने वाला छठ कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि से 4 दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ प्रारंभ हो जाता है. सामान्य तौर छठ पर्व बोला जाता है. इसके अलावा इसे महापर्व, बड़का परब, सूर्य षष्ठी, डाला छठ, डाला पूजा और छेत्री पूजा के नाम से जाना जाता है. इस व्रत में महिला/पुरुष नए कपड़े पहनते हैं।

**षष्ठी तिथि कब :** पंचांग के अनुसार 7 नवंबर 2024 को षष्ठी तिथि है. षष्ठी तिथि सुबह 12.41 पर प्रारंभ होकर 8 नवंबर 2024 को 12.35 पर संपन्न हो रहा है. उदया तिथि के अनुसार 7 नवंबर (गुरुवार) को षष्ठी माना जाएगा. इसलिए संध्याकालीन अर्घ्य 7 नवंबर के शाम में पड़ेगा।

## बिहार में छठ पूजा से पहले बड़ा हादसा, 5 लोगों की डूबने से मौत

एजेंसी

**भागलपुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है. इसी बीच बिहार के भागलपुर और नालंदा से दर्दनाक खबर आ रही है. जहां भागलपुर छठ घाट की साफ-सफाई कर रहे छह लोग गंगा में डूब गए. हादसे में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई है. वहीं दूसरी ओर नालंदा में दो लोगों की मौत हो गई और खुशी का पल मातम में तब्दील हो गया। भागलपुर में छह लोग डूबेः दरअसल, यह पूरा मामला भागलपुर के पीरपैंती के मोहनपुर का है, जहां पर यह बड़ा हादसा हुआ. वहां छठ पूजा के नहाय खाय को लेकर गंगा स्नान करने गए 6 लोग पानी में डूब गए. इनमें से तीन बच्चों की मौत हो गई. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि गंगा स्नान के दौरान पहले एक शख्स पानी में डूबने लगा तो उसे बचाने के लिए अन्य पांच लोग पानी में कूद गए।

**तीन को मृत घोषित कर दिया:** घटना की सूचना लोगों के बीच अफरातफरी मच गई. डूबे 6 लोगों में तीन बच्चे भी शामिल थे. सभी को डूबता देख स्थानीय लोगों ने डूबे हुए सभी लोगों को बाहर निकाला. जिसमें से तीन को पूरी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन बाकी तीन बच्चों की हालात गंभीर हो गई. जिसको देखते हुए बच्चों को रेफरल अस्पताल पीरपैंती ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन तीनों को मृत घोषित कर दिया।



**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने तीनों लोगों का शव को गंगा घाट से बरामद कर लिया है.मृतकों की पहचान एकचारी निवासी मौसम कुमारी (15), जीतन कुमार और आशुतोष कुमार के रूप में की गई है. परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है. घाट पर छठ का पर्व मनाने आए लोगों में चीख पुकार मच गई।

**प्रशासन पर लापरवाही का आरोप:** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जीतन कुमार अपने फुआ मौसम कुमारी के घर आया था. यहां बड़ी मोहनपुर घाट पर साफ-सफाई करने के लिए पहुंचा था. इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया. स्थानीय लोगों का आरोप है कि बड़ी मोहनपुर घाट खतरनाक है, लेकिन प्रशासन के तरफ से किसी भी प्रकार की सुविधा मुहैया नहीं कराया गया. लोगों का कहना है कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण या हादसा हुआ है।

**नालंदा में डूबने से दो लोगों की मौत:** वहीं नालंदा के नूरसराय थाना क्षेत्र के चंडासी गांव में छठ घाट की साफ-सफाई कर रहे एक किशोर की डूबने से मौत हो गई।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में डाकघर के प्रधान डाकपाल के साथ बैठक



दबंग हिन्द, संवाददाता

**गुमला।** मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिले के प्रधान डाकपाल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनावी प्रक्रिया में डाकघर की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि मतदाताओं को समय पर वोटर आईडी (एपिक कार्ड) प्रदान करने तथा डाक घर से प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट में डाकघर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि किसी मतदाता का वोटर आईडी कार्ड डाकघर में आता है, तो उसे समय पर संबंधित मतदाता तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान स्थिति में, सभी प्राप्त वोटर आईडी कार्ड मतदाताओं को समय पर वितरित कर दिए गए हैं, और इस समय कोई भी वोटर आईडी कार्ड डाकघर में लंबित नहीं है। साथ ही, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि पोस्टल बैलेट को समय पर जिले में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से पूर्व सभी पोस्टल बैलेट जिले में पहुंचने चाहिए, क्योंकि इसके बाद प्राप्त पोस्टल बैलेट की गणना नहीं की जाएगी। इस संबंध में प्रधान डाकपाल को सावधानी बरतने की हिदायत दी गई। बैठक में उपायुक्त ने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित रहीं।

# 23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ईवीएम मशीन का सकेंड रेंडमाइजेशन हुई संपन्न




दबंग हिन्द, संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक टीवी सुभाष एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की उपस्थिति में 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग के लिए सेकंड रेंडमाइजेशन किया गया।
सर्वप्रथम वरीय पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने 23 रामगढ़ के लिए तैयार ईवीएम की संख्या के संबंध में जानकारी दी इसके उपरांत जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने के द्वारा ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग करते 2ल्लरेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य रूप से निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, सहायक सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### आठवीं के छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत



**चाईबासा ।** क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है. राजनगर सड़क पर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत का मामला अभी शांत हुआ ही नहीं था कि चाईबासा मुख्य सड़क पर पठानमारा गांव के पास आठवीं के छात्र भरत सोय को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर जान ले ली. हालांकि आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल लाया गया था, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना सुबह 5.30 बजे के आस-पास की है।
**घटना के समय कर रहा था योगा :** पठानमारा गांव के स्व. साहेब सोय के 13 वर्षीय पुत्र अपने दोस्तों के साथ सडक किनारे योगा कर रहा था. तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी. घटना के बाद अन्य बच्चे वहां से भाग गए थे. इसके बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया. मृतक की मां सुनी कुई और बड़े भाई सूरज सोय तथा विक्रम सोय को जानकारी हुई तो वे तत्काल सदर अस्पताल पहुंचे. बताया जाता है कि भरत सोय पांच भाइयों में सबसे छोटा था. वह पठानमारा अपग्रेड हाई स्कूल में आठवी का छात्र था।

### उप विकास आयुक्त रॉबिन तोपों के द्वारा बिजुलिया तालाब छठ घाट का निरीक्षण किया गया



**रामगढ़।** छठ महापर्व को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को दिन के लगभग 2:30 बजे बिजुलिया तालाब छठ घाट दामोदर नदी छठ घाट का निरीक्षण रामगढ़ के उपविकास आयुक्त रोबिन टोप्पो के द्वारा किया गया। उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने बिजूलिया तालाब छठ घाट का निरीक्षण करते हुए जिला मत्स्य पदाधिकारी आरुप कुमार चौधरी को बिजूलिया छठ घाट की साफ सफाई करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जिला मत्स्य पदाधिकारी आरूप कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि छतर मांडू मत्स्य जीवी सहयोग समिति के राजकुमार केवट के नेतृत्व में बिजूलिया तालाब छठ घाट की साफ सफाई की जा रही है।बिजूलिया तालाब की सफाई के लिए चुना की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी आरूप कुमार चौधरी बड़ा बाबू विनय कुमार यादव राजकुमार केवट आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

### रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा वार्ड नंबर 1 इफको कॉलोनी बिहार महतो टोला, वार्ड नंबर के 2 नई सराय में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान रामगढ़ विधानसभा के प्रभारी नरेश वर्मा का आगमन हुआ। वही नगर अध्यक्ष बलराम साहू के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने महागठबंधन के कॉंग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक ममता देवी के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। इस मौके पर सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याण कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर पंकज तिवारी, संजय गांधी, मो अब्बास, मो साजिद, रिंकू करमाली, संजय वर्मा, शिबू डांगी, धीरेंद्र कुमार, राजू वर्मा, संजय वर्मा, बबलू रजक, मनोज महतो, मो हलीम, महावीर बेदीया, राजेंद्र महतो, अजय कुमार राय, लकी कुमार आदि अनेकों उपस्थित थे।

### जिला मत्स्य कार्यालय के द्वारा मत्स्य जीवी सहयोग समिति को एक नाव सुपुर्द किया गया



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला मत्स्य कार्यालय में मंगलवार को दिन के लगभग 1:30 बजे जिला मत्स्य पदाधिकारी आरूप कुमार चौधरी के द्वारा छठ महापर्व को सफल बनाने को लेकर छतर मांडू मत्स्य जीवी सहयोग समिति को एक नाव चार लाइब जैकेट दो लाइब बायौज दिया गया। वही मत्स्य कार्यालय के द्वारा छठ महापर्व को लेकर बिजूलिया तालाब के चारों ओर ब्रैकेटिंग का कार्य किया जा रहा है।

### घाघरा छठ महा पर्व सुरु छठ घाट का साफ सफाई को लेकर प्रखंड प्रशासन मौन



**घाघरा ।** घाघरा में छठ महापर्व के लिए घाटों की सफाई अब तक नहीं की गई है, जिससे स्थानीय श्रद्धालुओं में असंतोष उत्पन्न हो रहा है। हर वर्ष छठ पर्व को लेकर श्रद्धालु चांदनी चौक छठ मोहल्ला, ब्लॉक चौक छठ घाट, पुटो रोड छठ घाट नदी के किनारे स्थित घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। श्रद्धालु इस पर्व को उल्लास और भक्ति के साथ मनाते हैं, लेकिन इस बार प्रखंड प्रशासन की सफाई के प्रति अनदेखी ने उनकी आस्था को प्रभावित किया है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रखंड प्रशासन द्वारा इस महत्वपूर्ण अवसर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उनका मानना है कि छठ घाट की साफ-सफाई और पवित्रता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पर्व श्रद्धालुओं के लिए केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी है। श्रद्धालुओं का यह भी कहना है कि प्रखंड प्रशासन को इस पर्व के मद्देनजर घाटों की सफाई का कार्य समय पर पूरा करना चाहिए था। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो इसे श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ माना जाएगा। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वह जल्दी से जल्दी घाटों की सफाई सुनिश्चित करे, ताकि वे इस महत्वपूर्ण पर्व को खुशी और श्रद्धा के साथ मना सकें। घाघरा प्रखंड के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द ही इस समस्या का समाधान करेगा और घाटों की सफाई की जाएगी, ताकि छठ पर्व का आयोजन पवित्रता और शांति के साथ हो सके। इस तरह के धार्मिक पर्वों के दौरान साफ-सफाई को प्राथमिकता देना सभी के लिए आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। बिगत 3 वर्षो से प्रशासन से कोई भी सहयोग नहीं मिल रहा है वही छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि विगत 3 वर्षों से स्थानीय प्रशासन के द्वारा छठ घाट का साफ सफाई के लिए किसी प्रकार का कोई सहयोग नहीं मिल रहा है स्थानीय ग्रामीण एवं छठ व्रतियो के सहयोग से छठ घाट की साफ सफाई करवाई जाती ।

### बलसगरा पटेल स्टेडियम में महागठबंधन की विशाल जनसभा का आयोजन

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के बलसगरा पंचायत के पटेल स्टेडियम मैदान में मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे चुनावी विशाल जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे, जिन्होंने उनके मंच पर भव्य रूप से स्वागत किया। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब तक जनता का साथ व आशीर्वाद है कांग्रेस को कोई हिला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार विकास की नयी गाथा लिखेंगे। उन्होंने महागठबंधन दल के साझा कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में हाथ छाप पर मुहर लगाकर उन्हे विजय बनाने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राज्य में भाजपा की केंद्र सरकार गरीबों को छलने का काम किया है। उन्होंने महागठबंधन दल के साझा कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगा। मांडू विस क्षेत्र के महागठबंधन दल के साझा कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि हम जनता की सेवा करते आये है और करते रहेंगे। उन्होंने जनता से अपने पक्ष में समर्थन व वोट देने की अपील की। मौके पर शशि भूषण सिंह विजय कुमार, जय कुमार, अनिल अग्रवाल, जलेश्वर महतो, बालेश्वर महतो, सुरेश महतो, प्रितलाल महतो, कोलेश्वर प्रजापति, लाल धन महतो, दिनेश बेदिया, नकुल महतो, कैलाश महतो, अत्ताउल्लाह खान, हसनैन अंसारी, भोला महतो, सर्वेश सिंह, गुलशन महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता वह समर्थक मौजूद थे।

## छठव्रतियों की सुविधा को ले भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट की साफ-सफाई शुरू




दबंग हिन्द, संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर श्रीश्री छठ पूजा समिति ने मंगलवार को भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट की साफ-सफाई कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान जेसीबी मशीन से घाटो व श्रद्धालुओं के आनेजाने वाले रास्तों की साफ-सफाई कराई गई। साथ ही लोगों से छठ घाटो को साफ-सुथरा रखने की अपील की गई। मौके पर पूजा समिति के लोगों ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर जेसीबी मशीन से साफ-सफाई का कार्य छठ घाट में कराया जा रहा है। ताकि छठव्रतियों सहित श्रद्धालु महिला-पुरूषों को छठ घाट तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो। कहा गया कि श्रीश्री छठ पूजा समिति द्वारा पूजा के दौरान छठव्रतियो और श्रद्धालु के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। साफ-सफाई अभियान में छठ पूजा समिति के संजीत राम, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, दीपक कुमार, पिंटू सागर, शशि सागर, गोपाल करमाली, भीखम राजभर, योगेंद्र करमाली, आजाद भुईया, भास्कर सिंह, विजय राम, अमृत, अरुण आदि श्रद्धालु जुटे हैं।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर तीसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर तीसरे दिन प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समुदाय के पुरुष और महिलाएं शामिल हुए। प्रभातफेरी में लोग साध संगत के साथ सबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। जसकिरत सिंह सैनी निशान साहिब की अगुवाई कर निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे।" नानक घर के गोले, किनका इक जिस जी बसावे, अऊखी घड़ी न देखण देई, अपना बिरद समाले जैसे सबद से ।

**पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रभातफेरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया।**

प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर सुभाष चौक झंडा चौक चट्टी बाजार लोहार टोला तौं होकर सरदार गुरविंदर सिंह कालरा के निवास पहुंची। जहां कालरा परिवार के द्वारा समूह एवं संगत का स्वागत किया गया।



गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से सरदार गुरदीप सिंह सैनी द्वारा सरदार गुरविंदर सिंह कालरा जी को सिरोपा देकर सम्मानित किया

यहां कालरा परिवार ने संगत के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था की। साथ ही आज गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर अखंड पाठ की लड़ी का पहला पाठ आज सरदार स्वर्गीय आज्ञाकार सिंह लांबा जी के परिवार के द्वारा नए अखंड पाठ हाल में रखा गया। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, विंकल कालरा जोगिंदर सिंह जग्गी तेजिंदर सिंह सोनी, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जैसल कुलजीत सिंह कालरा रमन सिंह कोहली कशिश छाबडा मनमोहन लांबा अंकित कालरा पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा गुरदीप सिंह सैनीगुरप्रीत सिंह जगजीत सिंह जग्गी राजू नंदा अंगद चंडोक गुरजीत. सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, चरणजीत जॉली सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर मनप्रीत कौर सैनी बलविंदर कौर सतविंदर कौर आदि शामिल हुई।

## नक्सलियों ने लगाया बैनर, विधानसभा चुनाव के बहिष्कार की अपील



**चक्रधरपुर ।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को देखते हुए नक्सलियों ने बीती रात को डेरोवां स्टेशन में नक्सलियों द्वारा बैनर लगाया दिया ।बैनर में नक्सलियों ने झारखंड चुनाव को बहिष्कार करने कि अपील झारखंड की जनता से की । वही विधानसभा चुनाव को देखते हुए सारंडा में फिर से एक बार नक्सली सक्रिय हो गए हैं। भाकपा माओवादी नक्सलियों के बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी ने बैनर लगाकर पुलिसिया राज ध्वस्त करने और जल, जंगल, जमीन पर जनता का अधिकार कायम करने का आह्वान किया है।

## बेस्ट जीएम का अवार्ड मिलने पर कोफिमयू बरका-सयाल क्षेत्रीय समिति ने अजय सिंह को किया सम्मानित




दबंग हिन्द, संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को बेस्ट जीएम का पुरस्कार मिलने पर कोल फील्ड मजदूर यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय समिति ने मंगलवार को जीएम को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि कोलकाता के कोल भवन में आयोजित कोल इंडिया के 50वें स्थापना दिवस समारोह में कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद द्वारा बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह को उत्पादन, संप्रेषण एवं बुनियादी ढांचा के विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट जीएम के अवार्ड से नवाजा गया है। इसी उपलक्ष्य में कोल फील्ड मजदूर यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय समिति ने बरका-सयाल जीएम अजय सिंह को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर कोफिमयू के नेताओं ने कहा कि जीएम अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में बरका-सयाल ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए वर्ष 2023-24 में 61.38 लाख टन का अब तक का सबसे ऊंचा उत्पादन किया है, जो पिछले वित्तिय वर्ष के तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। दुसरी ओर वित्तिय वर्ष 2023-24 के दौरान 270 रैंक का कोल डिस्पैच करके भी एक अलग पहचान हासिल किया है। सम्मानित करने वाले में कोफिमयू के क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य और भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह, संजय यादव, हरीशंकर पांडेय, मनोज कुमार, बेलो शर्मा, सतिश कुमार आदि मौजूद शामिल थें।

## छठ महापर्व को लेकर छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी को पांच सूत्री मांग पत्र सोपा

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने छठ महापर्व को लेकर मंगलवार को छावनी परिषद अधिशासी अधिकारी को एक लिखित पांच सूत्री मांग पत्र सोपा हैं। पत्र में ठाकुर ने रामगढ़ शहर के हर गली मोहल्ला में साफ सफाई छठ घाटों में विशेष साफ सफाई, रामगढ़ में मांस मछली की दुकानों को पूर्णता बंद किया करने, रामगढ़ शहर के कई सड़कों किनारो में मांस मछली खुलेआम बिक रहा है छठ पूजा को देखते हुए छावनी परिषद और जिला प्रशासन सभी दुकानों को पूजा को लेकर बंद कराया जाए। दामोदर नदी और बिजुलियाँ तालाब में गहराई को देखते हुए सुरक्षा का ख्याल रखा जाए, छठ महा पर्व पर असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने का माँग किया हैं।

## भाजपा ने बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता, छः साल के लिए निष्कासित



विकास सिंह शिवशंकर सिंह राजकुमार सिंह विमल बैठा

दबंग हिन्द, संवाददाता

**जमशेदपुर ।** भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा कदम उठाते हुए चार नेताओं को पार्टी से छः साल के लिए निष्कासित कर दिया है. इनमें जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे शिव शंकर सिंह, राजकुमार सिंह, जमशेदपुर पश्चिम से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे विकास सिंह और जुगसलाई विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे बिमल बैठा शामिल हैं।
यह कार्रवाई जमशेदपुर महानगर के जिला अध्यक्ष की अनुशंसा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार की गई है. इन नेताओं पर आरोप है कि उन्होंने विधानसभा चुनाव- 2024 में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों और पार्टी के निर्णयों के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया, जो पार्टी के संविधान की धारा 25 (9) का उल्लंघन है. भाजपा ने साफ कर दिया है कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और पार्टी के खिलाफ जाने वाले नेताओं के लिए संगठन में कोई जगह नहीं है।

## नहाए खाए के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व



**रामगढ़ ।** पतरातू और उसके आसपास के क्षेत्र में नहाए खाए के साथ चार दिवसीय छठ महा पर्व का शुरूआत हुआ। छठवतीयो ने नहा कर भगवान सूरज को अर्ध दिए और कद्दू भात का प्रसाद ग्रहण की ।पतरातू स्टीम कॉलोनी के निवासी दशरथ ठाकुर ने हर साल की भांति इस साल भी छठ व्रत कर रहे हैं , यहां मान्यता है कि छठ के समय जो दशरथ ठाकुर से आशीर्वाद लेते है। उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। मनोकामना पूर्ण होने पर लोग उनसे आशिर्वाद लेने आते हैं। वही दूर-दूर से लोग दशरथ ठाकुर से आशीर्वाद लेने के लिए छठ व्रत में आते हैं। हर साल की भांति इस बार भी दशरथ ठाकुर 251 सूप का अर्ध देगे ।

# गांव में उचित इलाज नहीं मिलने से बच्चे की मौत, मेडिकल टीम पहुंची

दबंग हिन्द, संवाददाता

**चक्रधरपुर/मनोहरपुर ।** प्रखंड के छोटानागरा पंचायत अंतर्गत के झाड़बेडा.गांव निवासी पायकेरा केराई का तीन वर्षीय पुत्र की इलाज के अभाव से 4 नवम्बर की देर शाम को मौत हो गया. इस घटना से परिवार व क्षेत्र में शोक की लहर हैं. झाड़बेडा.गांव निवासी मंगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक बच्चा को बुखार आ रहा था. परिजन 4 नवम्बर को सुबह लगभग 10 बजे छोटानागरा स्थित सरकारी अस्पताल ले गये. जहाँ अस्पताल में जाँच के दौरान बच्चा का मलेरिया से ग्रसित पाये जाने के बाद जरुरी दवाइयां मिला लेकिन शाम 4 बजे तक उसकी हालात काफी गंभीर हो गया और घर मे ही उसका मौत हो गया. ग्रामीणों ने बताया की सारंडा का पूरा क्षेत्र मलेरिया का कोर जोन हैं. इसके बाद भी यहाँ के लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा आज तक नही मिल पा रहा हैं. कई बार जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को अवगत करा चुके हैं. समस्या से इसका बाद भी आज तक कोई भी इसका पहला नही किया।



20 बेड का सरकारी अस्पताल सफेद हाथी साबित हुआ, लोग इलाज के अभाव से मर रहे है।
छोटानागरा में 20 बेड का अस्पताल भवन तो बना दिया गया है लेकिन यहां नियमित चिकित्सक मरीज को भर्ती करने एम्बुलेंस आदि कोई सुविधा नहीं हैं. हर वर्ष दर्जनों ग्रामीण मलेरिया से ग्रसित होकर गांव में हीं मर जाते है, जिसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग व सरकार अधिकारियों को तक नहीं पहुंच पाता हैं. सारंडा क्षेत्र में मरीजों को गांव से अस्पताल पहुंचाने हेतु एम्बुलेंस व अन्य आवागमन की कोई सुविधा नहीं हैं. जिसके चलते लोग इलाज के अभाव से मार रहे हैं. साथ ही ग्रामीण ने कहा कि क्षेत्र के लोगो को मेडिकल सुविधा देने हेतु कई एम्बुलेंस घूम रहे है लेकिन सब दिखावा हैं. उन लोगो के पास ना तो सही से दवाई उपलब्ध रहती है और ना ही जांच का कोई स्वीधा, फिर भी अधिकारियों की मिली भगत से लाखों रुपए की घोटाला हो रहा हैं. जिसके चलते आज भी इलाज के अभाव में ग्रामीण व बच्चे मर रहे हैं।

**मंगलवार को पहुंची मेडिकल टीम**

छोटानागरा के झारबेडा में तीन वर्षोय मौत के बाद, मंगलवार की सुबह मेडिकल टीम झाडबेडा पहुंची और ग्रामीणों व बच्चों का रक्त नमूना आदि का जांच कर आवश्यक दवाएं दी गई।

## नहाय खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ शुभारंभ

दबंग हिन्द, संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल का वातावरण छठमय भक्तिमय हो गया है। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय कार्तिक छठ पूजा का शुभारंभ मंगलवार से नहाय-खाय के साथ हुआ। छठ महापर्व को ले छठ घाट सहित आवागमन रास्ते की साफ-सफाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। छठ महापर्व को ले पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। साथ ही छठ गीतों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। श्रद्धा भक्ति आस्था का महापर्व कार्तिक छठ के दूसरे दिन बुधवार को छठव्रती नियम पूर्वक खरना करेंगी। इस दौरान छठव्रति दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद बनाएंगे और पूजा-अर्चना के बाद खीर के प्रसाद को सेवन करेंगी। खरना के पश्चात भक्तों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया जायेगा। साथ ही कार्तिक छठ पर्व के तीसरे दिन गुरूवार को दिन-रात छठव्रती निर्जला उपवास पर रहेंगी। वहीं अपराहन में सूप दउरा में फल-फूल पूजा सामग्रियों को सजाकर छठ घाटों पर पहुंच छठव्रतियों भक्तों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसी प्रकार छठ महापर्व के चौथे दिन शुक्रवार को तड़के सुबह पुनः छठ घाटों पर पहुंचेंगे और उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इधर पतरातू प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख रमाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय ने छठ मईया से क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सबों का छठ महापर्व की बधाई देते हुए कहा कि छठव्रतियों की सुविधा को लेकर छठ घाट सहित रिभर साईड के कॉलोनी में जमे कचरे की जेसीबी के माध्यम से बुधवार को साफ-सफाई कराई जायेगी। ताकि छठव्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि छठव्रतियों सहित श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। श्री पांडेय ने कहा कि छठव्रतियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा।



## डीईओ सह डीसी व अधिकारियो ने आसमान में लहराया हॉट एयर गुब्बारा



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** 20 नवंबर को जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों 34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी में मतदान होना है। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन स्वीप कोषांग द्वारा लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि के द्वारा हाट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया। लगभग 70 मीटर ऊंचाई से यह गुब्बारा आम से खास को मतदान के लिए प्रेरित करेगा। हॉट एयर गुब्बारा में मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे गए हैं और मतदान की तरीख का उल्लेख किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने इस हॉट एयर गुब्बारा को उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया है। इस दौरान मौजूद लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने और अपने घर परिवार के सदस्यों आस पड़ोस के लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करने की बात कहीं। उधर, अनुमंडल कार्यालय चास परिसर में भी निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित हॉट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया।

# मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी एएमएफ करें सुनिश्चित : डीडीसी

- तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता, टेलीकॉम कंपनियों, पोस्टल डिपार्टमेंट के प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी एएमएफ के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में संबंधित सभी तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने क्रमवार सभी प्रखंडों में उपलब्ध मतदान केंद्रों में एएमएफ को लेकर किए जा रहें कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता को ससमय कार्यों को पूरा करने को कहा। कहा कि मतदान केंद्रों पर रैंप की मरम्मती, शौचालय की साफ सफाई, बिजली मोबाइल चार्जिंग पॉवाइंट की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, फर्नीचर की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने को कहा। कहां कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशांनुसार सभी मतदान केंद्रों पर वेब-कास्टिंग की जानी है। इसको लेकर सभी केंद्रों पर इंटरनेट की अच्छी व्यवस्था रहनी है। उन्होंने टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधियों को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिन मतदान केंद्रों पर मोबाइल कनेक्टिविटी एवं इंटरनेट की समस्या है। उसे अविलंब दूर करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। टेलीकॉम कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा कि वह *इस दिशा में काम कर रहे हैं।वहीं, पोस्टल डिपार्टमेंट से पहुंचे प्रतिनिधि को 15 नवंबर तक उपलब्ध सभी मतदाता फोटो पहचान पत्र का वितरण मतदाताओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगन्नाथ लोहार, नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे, यूआईडी डीपीएम शैलेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## छठ व्रतियों की सेवा के लिए शाखा सहयोग सुरक्षा समिति व यूनियन की बैठक



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** शाखा सहयोग सुरक्षा समिति और जय झारखंड मजदूर समाज की संयुक्त बैठक यूनियन कार्यालय सेक्टर 9 में महामंत्री बीके चौधरी की अध्यक्षता में हुई जिसमें आस्था श्रद्धा और पवित्रता का महापर्व छठ को लेकर छठ करने वाली महिला श्रद्धालुओं की सेवा करने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी टू टैंक गार्डन में शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। सेवा शिविर में 7 नवंबर गुरुवार को भगवान भास्कर को दिए जाने वाले संध्या अर्थ के समय नारियल अगरबत्ती फल मिट्टी का दिया घी इत्यादि का वितरण एवं 8 नवंबर शुक्रवार को प्रातः 4:00 बजे से गाय का दूध एवं चाय का वितरण किया जाएगा बैठक में समिति के अध्यक्ष उस कुंभकार समिति प्रभारी बरिया तेली राजेंद्र प्रसाद यूनियन का संयुक्त महामंत्री शंकर कुमार एन के सिंह एसके सिंह अनिल कुमार सी के एस मुंडा रोशन कुमार आई अहमद आशिक अंसारी बदल क्वेरी आप चौहान विजय कुमार शाह मानिकचंद साहब बन तिवारी अभिमन्यु मांझी प्रमोद कुमार आरके मिश्रा सुरेश प्रसाद रमाकांत राम बालेश्वर राय सुभाष चंद्र महतो आर आर सोरेन इत्यादि उपस्थित थे।

# छठ महापर्व पर पूर्व विधायक की पत्नी व व्यापारियों ने किया कद्दू वितरण



दबंग हिन्द,संवाददाता

**फुसरो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 16 में छठ महापर्व के अवसर पर कद्दू वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. करगली गेट पर मंगलवार को करीब 3 क्विंटल कद्दू का वितरण पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पत्नी रानी सिंह द्वारा किया गया.वहीं, फुसरो बाजार स्थित राम रतन हाई स्कूल ढोरी के समीप, बेरमो चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर. उनेश और अन्य व्यापारियों ने नप क्षेत्र के छठव्रतियों के बीच सवा दो क्विंटल कद्दू बांटे. आर. उनेश ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी छठव्रतियों को कद्दू प्रदान किया गया. उन्होंने जानकारी दी कि गुरुवार को छठ मईया के डलिया में नारियल, फल और प्रसाद का वितरण किया जाएगा, और शुक्रवार सुबह हिंदुस्तान पूल छठ घाट पर आम के दातुन व दूध का वितरण होगा। मौके पर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, सुशांत राईका, राजू भूखिया, संतोष श्रीवास्तव, अमरनाथ मिश्रा, जितेंद्र कुमार सिन्हा, लक्ष्मण सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## दिसंबर माह से मईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों को मिलेगा ढाई हजार : योगेंद्र




दबंग हिन्द,संवाददाता

**गोमिया ।** गोमिया मंगलवार को गोमिया विधानसभा क्षेत्र से इंडिया एलाइंस समर्थित झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत चतरोचट्टी में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम से पूर्व प्रखंड के बनचतरा, लोधी, चुट्टे और तीसरी गांव में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने बाइक राइड कर मतदाताओं से मुलाकात की। आगामी 20 तारीख को तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील की। श्री प्रसाद ने कहा कि पिछले 19 वर्षों से समस्याओं के संज्ञान में आते ही त्वरित निदान कराते आया हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को मइया सम्मान योजना के माध्यम से हक, अधिकार और सम्मान दिया है। दिसंबर से इस योजना के तहत 2500 रुपए दिए जाएगें। ग्राम चुट्टे तुरी टोला में योगेंद्र प्रसाद के प्रति आस्था और विश्वास प्रकट करते हुए झामुमो में शामिल हुए लोगों को योगेंद्र प्रसाद ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# बीएंडके प्रक्षेत्र मे 13 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई




दबंग हिन्द,संवाददाता

**फुसरो।** फुसरो के बीएंडके प्रक्षेत्र के करगली ऑफिसर्स क्लब में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न परियोजनाओं से सेवानिवृत्त 1अधिकारी सहित 12 कामगारों को अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रतीक सम्मान के साथ शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जीएम के रामाकृष्णा ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक व्यवहारिक प्रक्रिया है, जिससे हर किसी को एक दिन गुजरना पड़ता है। कामगारों की मेहनत के बल पर ही आज कोल इंडिया इस मुकाम तक पहुंचा है। कोल इंडिया परिवार हमेशा अपने मजदूरों के साथ खड़ा रहा है। कामगारों को रिटायरमेंट के बाद अपने भविष्य के लिए सुरक्षित धनराशि रखनी चाहिए। मौके पर सेवानिवृत्त जीएम प्रोडक्शन के डी प्रसाद, पीओ भी एन पांडेय, एसओपी विनय रंजन टुडू, कार्मिक प्रबंधक पी एन सिंह सहित यूनियन प्रतिनिधि राम निहोरा सिंह, विजय भोई, संजय पांडेय, आभाष चन्द गांगुली, सुशील सिंह, आदि उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव : चंदनक्यारी बना हॉट सीट भाजपा व झामुमो की प्रतिष्ठा दाव पर

### भाजपा प्रत्याशी कर रहे विकास का दावा तो झामुमो प्रत्याशी का दावा गर्त में गया चंदनक्यारी





दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो ।** झारखंड विधानसभा के लिए होने वाले चुनाव में चंदन क्यारी विधानसभा सीट हॉट सीट के रूप में तब्दील हो चुका है जहां एक और नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी को तीसरी बार क्षेत्र के विकास के आधार पर जनता का आशीर्वाद मिलने का अनुमान है तो वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी पूर्व मंत्री उमाकांत रजक का कहना है कि विगत 10 वर्षों में श्री अमर ने चंदनक्यारी के विकास पर ग्रहण लगा दिया। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी ने कहा कि 10 वर्षों में चंदनक्यारी की पहचान उन्होंने राज्य और देश स्तर पर दिलवाने का काम किया है चंदनक्यारी में स्टेडियम का निर्माण हुआ यहां के निवासी आर्चरी में राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन किया 10 वर्षों के कार्यकाल में चंदनक्यारी का विकास किया चारों ओर सड़क नाली पानी की समस्या बिजली की समस्या का समाधान किया तो वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी उमाकांत रजक का कहना है कि वर्ष 2009 से 2014 तक उनके कार्यकाल में जब हुए चंदनक्यारी के विधायक थे जो विकास हुआ वही चंदनक्यारी अब तक ठहरा हुआ है श्री रजक का कहना है कि चंदनक्यारी प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है बिना पैसा दिए कोई काम नहीं होता है भाजपा प्रत्याशी ने जनता से जो वादा किया था उन्होंने एक भी वादे को अब तक पूरा नहीं किया इधर अमर कुमार बावरी के लिए तीसरी बार चुनाव जीतना बहुत बड़ी चुनौती है परंतु उन्हें यह उम्मीद है कि 10 नवंबर को प्रधानमंत्री की जनसभा के बाद लोगों का रुझान भारतीय जनता पार्टी की ओर होगा क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजादी के बाद पहली बार चंदनक्यारी में जनसभा करने आ रहे हैं जिसका लाभ उन्हें मिलेगा हालांकि अब तक चंदनक्यारी से लगातार तीन बार कोई भी प्रतिनिधि विधायक के तौर पर नहीं चुना जा सका है। मालूम हो की 2019 के विधानसभा चुनाव में अमर कुमार बाउरी को भाजपा प्रत्याशी के रूप में 67739 वोट मिला था वही उमाकांत रजक जिन्होंने जो झारखंड स्टूडेंट यूनियन के टिकट पर चुनाव लड़ा था उन्हें 58528 जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी विजय कुमार रजवार को 36400 वोट मिला था इसके पूर्व 2014 के असेंबली इलेक्शन में झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर चुनाव वाले अमर कुमार बावरी को 81925 तथा उमाकांत राजक को 47761 जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी हारू रजवार को 9189 वोट मिला था वही 2009 के विधानसभा चुनाव में उमाकांत रजक ने बाजी मारी थी जिसमें उन्हें 36620 मत मिला था जबकि झारखंड विकास मोर्चा से अमर कुमार बाउरी को 33103 वोट मिला था और उमाकांत रजक मात्र 3500 वोट से चुनाव जीत सके थे। आम मतदाता का मानना है कि जहां एक और भाजपा के स्टार प्रचारक की जनसभा होगी वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा के भी कई स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री सहित अन्य अपने-अपने प्रत्याशियों का पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे जिस माहौल में अप्रत्याशित परिवर्तन आने वाले 1 सप्ताह बाद होने की पूरी पूरी संभावना है ।

## लोक आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाए खाए के साथ शुरू हुआ



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बेरमो।** अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट एवं इसके आसपास गोमिया के कई क्षेत्रों में पूरे अनुष्ठान एवं धूमधाम के साथ चल रहा है । चारों ओर छठ माता के गीत से गुंज उठा और पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया है ।छठ व्रत के पहले दिन छठ वर्तधारियो ने स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना करते हुए चना दाल, अरवा चावल और कद्दू की सब्जी ग्रहण कर चार दिवसीय छठ का अनुष्ठान शुरू किया ।इसके साथ ही उपवास कर बुधवार को खड़ना पर्व की तैयारी शुरू हो गई । खड़ना पर्व के दिन व्रत धारियां उपवास कर भगवान भास्कर की आराधना कर पूरे पवित्रता एवं शुद्धता पुर्वक के साथ खीर बनाकर उसे ग्रहण कर खड़ना पर्व मनाया जाएगा । वहीं लोगों के बीच प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया जाएगा ।इसकी तैयारी चारों ओर पूरे जोर शोर से चल रही है । वही छठ पर्व मनाने को लेकर आज बाजार में छठ के सामान लेने को काफी रौनक दिखाई दिया ।

## एक नजर

### स्वीप कोषांग ने मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधि का किया आयोजन

**बोकारो ।** आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सिटी पार्क में रंगोली, दीपोत्सव और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व से मतदाताओं को जागरूक किया गया। रंगोली, दीपोत्सव और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीम के सदस्यों ने मतदान के महत्व, वोट देने का अधिकार और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया का संदेश दिया।नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने पार्क में उपस्थित लोगों को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं उन्हें दूसरे को मतदान करने के लिए जागरूक करने को कहा। सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया। मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता समेत स्वीप कोषांग के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### लखनऊ में आयोजित होने वाले जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने एमजीएम के 12 खिलाड़ी रवाना

**बोकारो ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 7 से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमजीएम स्कूल बोकारो के 12 जूडो खिलाड़ी बोकारो से लखनऊ के लिए रवाना हुए दी गई जानकारी के मुताबिक बालक वर्ग में प्रिंस कुमार पांडे सिद्धार्थ कुमार सर्वज्ञ केसरी जयंत कुमार आयुष कुमार हर्षवर्धन सिंह एवं सक्षम कुमार सिंह तथा बालिका वर्ग में प्रियदर्शनी सिंह सुरभि कुमारी साक्षी श्रीवास्तव जबना आज एवं स्नेहा कुमारी शामिल है इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर डॉक्टर जोशी वर्गीज ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में परचम लहराएंगे वही विद्यालय की उप्राचार्य रेखा बनर्जी एवं एकेडमिक डायरेक्टर जॉर्ज जोसेफ हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी के साथ अन्य खेल शिक्षकों में राजेश्वर कुमार सिंह मीनाक्षी कुमारी सौरव कुमार मोहसिन एवं वंदना कुमारी ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।

### उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी 4000 केजी जावा महुआ जब्त

**बोकारो सिटी।** मंगलवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने जरीडीह थाना अंतर्गत चिमनागोडा में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 4,000 केजी जावा महुआ शराब एवं 150 लीटर तैयार महुआ शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद सदर-सह-बेरमो क्षेत्र विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास उपस्थित थे।जानकारी हो कि, विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण झ बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### सैकड़ो समर्थकों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी ने थामा कांग्रेस का दामन

**बोकारो ।** बोकारो विधानसभा से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन करने वाले मसकुर आलम सिद्दीकी अपने सैकड़ो समर्थन को के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया श्री सिद्ध की ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में ही झारखंड का विकास हो सकता है उन्होंने बोकारो विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह को स्वच्छ छवि का बताया श्री सिद्ध की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश का विकास कर सकती है इस मौके पर बोकारो प्रत्याशी श्वेता सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले श्री सिद्ध की सहित तमाम कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उन्होंने कहा कि बोकारो विधानसभा का विकास ही उनका उद्देश्य है जो बगैर भाईचारे के संभव नहीं है उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को एक बार पुनः राज्य में सरकार बनाने का मौका राज्य की जनता देगी इस मौके पर अब्दुल मन्नान अली असगर खालिद खान मुख्तार अंसारी आलम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मतदान की तिथि को बोकारो स्टील प्लांट में बंद माना जाएगा अवकाश

**बोकारो ।** झारखंड राज्य विधानसभा चुनाव के कारण 20 नवंबर को बोकारो विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर मतदान की तिथि को बोकारो स्टील प्लांट में बंद अवकाश माना जाएगा इस बाबत बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा आदेश निर्गत कर दिया गया है आदेश के तहत शासित कामगारों सहित सभी बीएसएल कर्मचारी उपरोक्त बंद अवकाश के हकदार होंगे निर्देश मैया कहा गया है कि परिचालन रखरखाव और सेवाओं में आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में लगे कर्मचारी जिन्हें इस दिन ड्यूटी पर रहना आवश्यक है उन्हें वोट डालने की सुविधा दी जाएगी और उन्हें प्रति पूरक अवकाश प्रदान किया जाएगा जिसका लाभ 31 दिसंबर तक होगा इसी प्रकार शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए मतदान की तिथि पर उन्हें काम की सुविधा के अनुसार बैच में 4 घंटे का भुगतान किया जाएगा ताकि वह अपना वोट डाल सके सामान्य कार्य समय का पालन किया जाएगा क्योंकि इन कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वह ड्यूटी पर रिपोर्ट करने से पहले अपना वोट डालेंगे निर्देश मैया भी कहा गया है कि यदि कोई कर्मचारी अपने पदस्थापन स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं तो कर्मचारियों को चुनाव के दिन उसे स्थान पर वोट डालने के लिए विशेष अनिवार्य अनुमति प्रदान की जाएगी जहां कर्मचारी पंजीकृत मतदाता के रूप में नामांकित है बसर थे कर्मचारी अपने पदस्थापन स्थान के अलावा अन्य स्थान पर मतदान और यात्रा के साक्ष्य के साथ आवेदन प्रस्तुत करें यह भी कहा गया है कि यदि किसी कर्मचारी का साप्ताहिक अवकाश मतदान की तिथि को पड़ता है तो उसे 1 दिन का प्रतिपूरक अवकाश दिया जाएगा और यदि कोई कर्मचारी अवकाश पर है और चुनाव की तिथि उसके अवकाश के बीच में आती है तो मतदान की तिथि का अवकाश केवल बंद अवकाश माना जाएगा तथा उसे अवकाश शेष से नहीं काटा जाएगा लेकिन वह प्रति पूरक अवकाश के हकदार नहीं होंगे। बीएसएल कर्मचारी के लिए जिन्हें मतदान कर्मियों के रूप में तैनात किया जाएगा और मतदान संबंधी कर्तव्य में भाग लेंगे उन्हें मतदान से संबंधित दोनों अर्थात प्रशिक्षण दिवस चुनाव ड्यूटी के लिए रिपोटिंग दिवस मतदान दिवस और मतगणना दिवस जैसा भी लागू हो पर ऑन ड्यूटी माना जाएगा।

### अधिवक्ता रवानी थे गरीबों के मसीहा : रशीदी

**बोकारो।** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व सीताराम रवानी का प्रथम पुण्य तिथि के मौके पर आज बोकारो कोर्ट परिसर के पुस्तकालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, सर्व प्रथम उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आगंतुकों का स्वागत स्व. रवानी के अधिवक्ता पुत्र अतुल कुमार एवं पुत्री राज श्री ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। शोक सभा को संबोधित करते हुए झारखंड स्टेट बार कौंसिल के सदस्य अब्दुल कलाम रशीदी, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने स्व. रवानी के जीवनी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा मे संघ के अध्यक्ष प्रभारी बासुदेव गोस्वामी, महासचिव प्रभारी महेश चोधरी, कोषाध्यक्ष सोमनाथ शेखर, उप कोषाध्यक्ष विकास तापड़ीया,प्रेम कुमार 2, कार्यकारिणी सद्स्य रुपेश कुमार, नवीन कुमार,सृस्ठीधर सिंह, माया सिंह, संजय कुमार, मृत्युन्जय मलिक,कामदेव पाठक,सम्पूर्ण चन्द्र लायक, वरीय अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा, ददन सिंह, मोहन लाल ओझा,राम सिंघासन राम,अशोक कुमार पाल,शंकर डे के अलावे सेकड़ों अधिवक्ताओ ने श्रद्धांजलि दी।

# 10 साल तक नहीं दिखे कांग्रेस प्रत्याशी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे का कहना है कि दस वर्षों में धनबाद में विकास स्थिर है। इस बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे 2014 में लोकसभा का चुनाव लड़े और हारने के बाद दस साल गायब रहे और फिर 2024 के चुनाव में आये हैं। फिर से कीर्ति आजाद की तरह हारेंगे और चले जायेंगे। उक्त बातें राज सिन्हा ने भाजपा संचालन समिति की बैठक के उपरांत मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के दौरान जनता का आपार समर्थन मिल रहा है। इस बार जीत के बाद धनबाद को अपराध मुक्त बनाना, मैथन जलापूर्ति योजना फेज -2 का काम पूरा कराना, 2019 में शुरू हुई विद्युत योजना, सड़क योजना जैसी तमाम योजनायूं, जो पांच साल से हेमंत सरकार में ठप पड़ गये हैं, उन्हें फिर से धरातल पर लाना उनकी प्राथमिकता में है। बैठक में पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधानसभा प्रभारी सुनील पासवान, अरुण राय, मानस प्रसून, जिला अध्यक्ष श्रवण राय , महेंद्र शर्मा, धनबाद विधानसभा संचालन समिति के तमाम सदस्य मौजूद थे। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर बैठक में चर्चा की गयी।

# रेल अधिकारी ने पार की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा

दबंग हिन्द,संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद मंडल रेल के बरकाकाना सिग्नल विभाग के वरीय कर्मचारी विक्टर अमर सिंह पिछले चार वर्षों से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। वे शारीरिक रूप से कोई भी कार्य करने में बिल्कुल अक्षम हो गये हैं। सभी प्रकार की छुट्टियां समाप्त हो चुकी हैं और बिना वेतन के ही बड़ी मुश्किल से जीवन यापन करने के लिए वह मजबूर हैं। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री तथा धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी जियाऊद्दीन ने बताया कि बरकाकाना में पदस्थापित सिग्नल विभाग के अधिकारी मंडल दूरसंचार व टेलकम अभियंता प्रभात कुमार वर्मा की संवेदनहीनता के कारण विक्टर की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है, क्योंकि वे मंडल कल्याण कोष से आर्थिक सहायता के आवेदन पर अनुसंशा नहीं कर रहे हैं। उक्त अधिकारी की यह मानसिकता उनकी मानवीय संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि वैसे



रेल कर्मचारियों को मंडलीय कर्मचारी कल्याण कोष से दस हजार रुपये की मासिक आर्थिक सहायता देने की मांग ईसीआरकेयू द्वारा रखी गयी थी। इस पर मंडल रेल प्रबंधक और वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी ने सहमति देते हुए प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत प्रभावित कर्मचारियों को आवेदन जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके तहत कई रेलकर्मियों को उक्त मदद देने की शुरूआत हो गयी है, लेकिन बरकाकाना के विक्टर अमर सिंह के आवेदन को प्रशासनिक ताने-बाने के जाल में उलझा दिया गया है।

मंगलवार को विक्टर की हालत अत्यंत गंभीर होने पर परिवार जनों द्वारा बरकाकाना रेलवे अस्पताल लाया गया। जानकारी मिलते ही ईसीआरकेयू शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, मुकेश लाल, चन्द्रदेव तथा अनिल राय रेलवे अस्पताल पहुंचे और उनके गंभीर हालत को देखते हुए मेदांता अस्पताल रांची रेफर करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्टर की हालत गंभीर है और वे निरंतर सघन चिकित्सा के तहत हैं।

## बलियापुर में तारा देवी का जनसम्पर्क अभियान



**तिसरा।** सिंदरी विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार तारा देवी दर्जनों समर्थकों के साथ बलियापुर पश्चिम मंडल के ग्रामीणों से संपर्क कर भाजपा को मजबूती प्रदान करने और कुशासन से जूझ रही आम जनता को मुक्ति दिलाने की अपील की गयी। जनसंपर्क अभियान के दौरान अलकडीहा पतालेश्वर महादेव मंदिर में माथा टेक कर विजयी होने की प्रार्थना की गयी। इसके पश्चात अलकडीहा बस्ती, एमओसीपी कॉलोनी, चांदकुईयां कॉलोनी, गोलमारा बस्ती, भागारामपुर, आमटाल, बाउरी टोला, बेलगढ़िया टाउनशिप, बस्ती आदि जगहों पर जनसंपर्क किया गया। मौके पर बिरंची सिंह, मंटु रवानी, कुलदीप साव, मुक्तेश्वर महतो पंकज सिंह सुनील मोदक अशोक महतो, विजय महतो, जयराम रवानी, गुप्तेश्वर साह, बिजय रवानी, प्रवीण ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## महापर्व छठ को लेकर घाट की सफाई



दबंग हिन्द,संवाददाता

**जोड़ापोखर।** लोकआस्था का महापर्व छठ को लेकर जोड़ापोखर क्षेत्र के लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्र के सभी छठ घाट तालाब की सफाई का कार्य तेजी से जारी है। डॉ भीमराव अम्बेडकर क्लब छठ पूजा समिति के सौजन्य से जियलगोरा 3 नंबर के छठ घाट-तालाब तथा व्रतियों के आने-जाने के रास्ते की सफाई की जा रही है और पानी, चूना, ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव किया जा रहा है। घाट तथा रास्ते को रौशनी से सजाया जा रहा है और तोरण द्वार बनाया जा रहा है। इस छठ घाट पर पिछले 17 वर्षों से छठ पूजा होती आ रही है। क्षेत्र के भागा 5 नंबर, फूसबंगला, जोड़ापोखर, जियलगोरा, लोदना मोड़ आदि जगहों से व्रती यहाँ अर्ध्य देने आते हैं। प्रातःकालीन अर्ध्य की सुबह श्रद्धालुओं के लिए चाय व नाश्ता का प्रबंध किया जाता है। संध्या में खिचड़ी का भंडारा लगता है। समिति में मनोज पासवान, हरिचरण पासवान, ऋषिकेश विश्वकर्मा, पुरषोतम कुमार, अविनाश कुमार, रवीन्द्र पासवान, पंकज कुमार, नीरज विश्वकर्मा, अलोक राज, कुंदन झा, सागर पासवान, रोहित, विशाल कुमार अनिकेत कुमार आदि छठ पूजा सफल बनाने में सक्रिय हैं।

## अधिवक्ताओं व वादकारियों को बेहतर सुविधा देना प्राथमिकता

### नये जिला सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने दिया योगदान

दबंग हिन्द,संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद सिविल कोर्ट के नये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने मंगलवार को सिविल कोर्ट में योगदान दिया। श्री तिवारी का पदस्थापन धनबाद में तीसरी बार हुआ है। इससे पूर्व वर्ष 2001 में इन्होंने प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में धनबाद में योगदान दिया था। वर्ष 2018 में धनबाद के लेबर जज के रूप में दो वर्ष तक काम किया और आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में योगदान दिया। श्री तिवारी ने कहा कि अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को बेहतर सुविधा दिलवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के तहत पुराने मामलों का त्वरित निष्पादन करना, न्यायालय परिसर को साफ एवं सौंदर्यीकरण करवाना उनके कार्य में प्रमुख हैं।



उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चिन्हित कार्यों को त्वरित निष्पादन करना तथा अदालत में लंबित वादों को निपटारा कर अदालत के बोझ को कम करना है। सबको सुलभ न्याय मिले तथा समाज में किसी प्रकार के विघटन की स्थिति पैदा ना हो, ताकि आने वाली पीढ़ी में न्यायालय के प्रति आस्था बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि अदालत परिसर की सुरक्षा को लेकर हर पहलू का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जायेगी। इसके लिए धनबाद के एसपी से शीघ्र ही वार्ता कर आवश्यक निर्देश दियें जायेंगे।

## राजा तालाब की सफाई में विधायक पूर्णिमा ने किया श्रमदान

दबंग हिन्द,संवाददाता

**जोड़ापोखर।** लोक आस्था का महापर्व छठ के नहाय-खाय के दिन आज झरिया विधायक सह महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने समर्थकों, स्थानीय लोगों और नगर-निगम के कर्मचारियों के साथ झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब की सफाई में श्रमदान किया। विधायक ने तालाब की गंदगी पर चिंता जतायी। साथ ही लोगों से अपील की कि पानी में शराब की बोतलें, कांच, प्लास्टिक और पीओपी की बनी मूर्तियां फेंककर छठव्रतियों के लिए तालाब को असुरक्षित न बनायें। मालूम हो कि बरसों तक राजा तालाब नजरअंदाज, अव्यवस्था और कुप्रबंधन का शिकार रसा था, जिससे विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के अथक प्रयासों से निजात मिला। राजा तालाब के सौन्दर्यीकरण और सफाई के लिए दो करोड़ का बजट आवंटन करवाकर कार्य पूरा किया गया। मौके पर झरिया



कांग्रेस नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव, राज आनंद सिंह, रामजी सिंह, राजा गुप्ता, महेश शर्मा, रामकृष्ण पाठक, अक्षय यादव, अभिषेक सिंह, महेश शर्मा, प्रीतम रवानी, झुन्नू गुप्ता, राजेश सिंह, राजीव पांडे, कुंदन मोदक, कृष्णा पटेल, सिंकु सिंह आदि मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद विधानसभा के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन हाउसिंग कॉलोनी स्थित जनता मार्केट के बगल में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे भी मौजूद थे ! लोगों में इंडिया गठबंधन के प्रति काफी उत्साह दिखा और उन्होंने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी, मदन महतो, मनोज यादव, योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्वर सिंह यादव, महेंद्र दुबे, इरफान खान चौधरी, कुमार गौरव, पप्पू कुमार तिवारी, गोपाल कृष्ण चौधरी, कार्तिक घोष, अरविंद सैनी, उत्तम मिश्रा, पप्पू सिंह, विनोद पांडे, शिवप्रधान यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहबादी ने किया जनसंपर्क



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह विधानसभा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहाबादी ने पीरटांड प्रखंड में सघन जनसम्पर्क अभियान चलाया तथा हरलाडीह में चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन उद्घाटन किया। जनसम्पर्क के दौरान पिपराडीह, खवासटांड, मंझलाडीह, अंबागढ़, कुड़को, पलमा-घटवार टोला, हरलाडीह में राधा कृष्ण चौक, मंडल टोला, सिमरकोढ़ी, दुधनिया, खुखरा, गांधी चौक में ग्रामीणों से मुलाकात कर 20 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इस दौरान अपने कार्यकाल में किये गये कार्यों का उल्लेख किया। मौके पर भाजपा नेता विनय सिंह, शरत भक्त, सिकंदर हेम्ब्रम, श्याम प्रसाद, अरविंद चंद राय, बसंत सिंह, मुन्ना उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, देवराज समेत काफी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

# कोयलांचल की चर्चित सीट रही है झरिया विधानसभा

दबंग हिन्द,संवाददाता

**(समीम हुसैन) धनबाद।** झारखण्ड में विधानसभा चुनाव आते ही कोयलांचल की झरिया विधानसभा की बात लोगों की जुबान पर आ ही जाता है। झरिया विधानसभा क्षेत्र हमेशा से चर्चा में रहा है। झरिया कोयला उत्पादन के लिए विश्वप्रसिद्ध है। यहां की राजनीति कोयले के इर्द-गिर्द घुमती है। सभी पार्टी इस सीट पर कब्जा कर कोयले पर वर्चश्व कायम करना चाहती है।

**सिंह मेंशन का रहा है दबदबा:**
झरिया विधानसभा सीट पर सिंह मेंशन परिवार का चार दशक से भी अधिक समय से कब्जा रहा है। यहां से सर्वाधिक चार बार विधायक बनने का रिकॉर्ड स्व सूर्यदेव सिंह के नाम है। वे 1977 से 1991 लगातार तक यहां के विधायक रहे। एकीकृत बिहार में वर्ष 1977 में पहली बार जनता पार्टी के टिकट से विधायक बने थे। उसके बाद वह 1980, 1985 में जनता पार्टी और एक बार 1990 में जनता दल से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। इनके




अलावा स्व एसके राय, स्व राजू यादव की पत्नी आबो देवी, स्व सूर्यदेव सिंह की पत्नी कुंती सिंह को दो-दो बार झरिया की जनता ने प्रतिनिधि चुना। 2024 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर एक बार स्व सूर्यदेव सिंह की पुत्रवधु रागिनी सिंह चुनावी मैदान में हैं।

**52 वर्ष बाद कांग्रेस को मिली जीतः**
अब तक हुए विधानसभा चुनाव में झरिया विधानसभा से तीन बार भाजपा और दो बार कांग्रेस जीत चुकी है। वर्ष 1967 में कांग्रेस प्रत्याशी एसआर प्रसाद झरिया से चुनाव जीत कर विधायक बने थे। इसके 52 वर्ष बाद वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा नीरज सिंह ने जीत दर्ज की। कांग्रेस पार्टी वर्ष 1967 के बाद से 2014 तक हुए विधानसभा चुनाव में आठ बार दूसरे स्थान पर रही। वर्ष 2005 से 2019 तक झरिया विधानसभा पर भाजपा का कब्जा रहा। 2019 में झरिया सीट से चुनाव जीत कर पूर्णिमा नीरज सिंह ने न सिर्फ झरिया से भाजपा व सिंह मेंशन का किला ध्वस्त किया है, बल्कि कांग्रेस के हाथ को भी मजबूत किया।

**आबो देवी पहली बार बनी थी मंत्री:**
1991 में जनता दल के कद्दावर नेता जामाडोबा निवासी राजू यादव की हत्या दिल्ली जाने के क्रम में मुगलसराय स्टेशन पर गोली मारकर कर दी गयी थी। राजू यादव के परिजनों ने हत्या का आरोप सिंह मैंशन पर लगाया था। सूर्यदेव सिंह के निधन के बाद वर्ष 1991 में झरिया विधानसभा में उपचुनाव हुआ। सूर्यदेव के अनुज बच्चा सिंह झरिया से चुनाव लड़े। वहीं दूसरी ओर जनता दल के टिकट पर राजू यादव की विधवा पत्नी आबो देवी भी चुनाव लड़ी। झरिया में लगातार 14 वर्षों से विधायक रहे सिंह मैंशन के गढ़ में परचम लहराते हुए आबो देवी ने बच्चा सिंह को हराकर पहली बार सिंह मैंशन की राजनीतिक नींव को हिला दिया था। झरिया सीट से 1995 के विधानसभा चुनाव में आबो देवी फिर चुनाव लड़ीं। इस बार भी उन्होंने बच्चा सिंह को हरा दिया। लगातार दो बार जीत हासिल करने के बाद जनता दल के सुप्रीमो तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने आबो देवी को बिहार सरकार में ग्रामीण विकास राज्यमंत्री बनाया। इसके बाद भी आबो चुनाव लड़ीं, लेकिन जीत हासिल नहीं हुई।

**कब किसने जीती झरिया सीटः**
1952 से 2019 के बीच हुए विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक बार सिंह मेंशन का कब्जा रहा है। 1967 में एसआर प्रसाद (कांग्रेस), 1969 एसके राय (बीकेडी), 1972 एसके राय (सीपीआई), 1977 में सूर्यदेव सिंह (जेएनपी), 1980 में सूर्य देव सिंह (जेएनपी), 1985 सूर्य देवसिंह (जेएनपी), 1990 में सूर्यदेव सिंह (जेडी), 1991 उप चुनाव में आबो देवी (जेडी), 1995 आबो देवी (जेडी), 2000 में बच्चा सिंह (समता पार्टी), 2005 में कुंती देवी (भाजपा), 2009 में कुंती देवी (भाजपा), 2014 में संजीव सिंह (भाजपा), 2019 ।में पूर्णिमा नीरज सिंह (कांग्रेस) से विजयी हुई थी।

## एक नजर

### ग्रामीण एकता मंच धनबाद से अजय दुबे को देगा समर्थन



**पुटकी।** धनबाद विधानसभा चुनाव-2019 में तीसरे नंबर पर रहे निर्दलीय प्रत्याशी एवं ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने मंगलवार को गोपालीचक-2 नंबर स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर धनबाद विधानसभा चुनाव में मंच द्वारा समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा की। श्री सिंह ने बताया कि धनबाद विधानसभा में पार्टी कांग्रेस प्रत्यासी अजय कुमार दुबे को समर्थन देते हुए दम-खम के साथ चुनाव प्रचार करेगा। प्रेसवार्ता में मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, नरेश भारती, भोला शर्मा, उत्पल झा, विनोद सिंह, दिलीप दास, राकेश सिंह, करण चौहान, राहुल कुमार, ज्वाला सिंह, संतोष यादव, अंकित कुमार, राजेश भारती, नागेश्वर चौधरी आदि मौजूद थे।

### नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू



**मैथन।** 36 घंटे के आस्था का निर्जला महापर्व छठ (षष्ठी पूजा) कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को आज नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। दिवाली के 6 दिनों बाद छठ पूजा की शुरूआत होती है। इस साल छठ पूजा 5 नवम्बर से नहाय-खाय के साथ शुरू होगी। इसके बाद चार दिनों तक खरना, संध्या अर्घ्य, प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ 8 नवम्बर को समाप्त हो जाएगा। छठ पूजा की शुरूआत के बारे में पौराणिक कहानियों में उल्लेख मिलता है।

### सिंदरी-बलियापुर में दूर करेंगे जल संकट



**धनबाद।** सिंदरी विधानसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बबलू महतो ने बलियापुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंवाद किया तथा बैठक कर वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिंदरी में जल संकट दूर करना उनकी प्राथमिकता में है। दामोदर नदी पर बैराज बनवा कर सिंदरी विधानसभा में जल संकट खत्म किया जायेगा। सिंचाई और पेयजल दोनों की आपूर्ति का स्थाई समाधान किया जायेगा। सिंदरी विधानसभा 25 सालों से उपेक्षित है। समाज के किसी भी वर्ग के समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। छात्र- नौजवानों के लिए पर्याप्त शिक्षा- रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं है। उनकी जीत सिंदरी के विकास के रास्ते खोलेगी। जनता भाजपा प्रतिनिधि से ऊब गयी है और बदलाव के लिए तैयार है। जनसंपर्क में उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

### जैन समाज ने राज सिन्हा को दिया जीत का आशीर्वाद



**धनबाद।** जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा प्रबुद्ध जैन समाज के बीच पहुंचे और उनके साथ सुबह का नाश्ता किया। जैन समाज के लोगों ने उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।

मौके पर महेंद्र भाई संघवी, राहुल मटालिया, भूपेश संघवी, राजेश मटालिया, नितिन मेहता, चेतन शाह, नितिन कोठारी, रमेश संघवी, भरत दोसी, मनोज दफ़्तरी, राजेश परकरिया, मनोज जैन, संजय जैन आदि उपस्थित थे।

### प्राथमिकता से हो एपिक कार्ड वितरण



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज अपने कार्यालय कक्ष में पोस्टल विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्राथमिकता देकर नये एपिक कार्ड का वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर नये वोटरों का नाम मतदाता सूची में जुड़ा है। उनका एपिक कार्ड प्रिंटिंग की प्रक्रिया में है। एपिक कार्ड पोस्ट ऑफिस में पहुंचने पर उसे अविलंब मतदाता तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कोई भी मतदाता का एपिक कार्ड अप्राप्त नहीं होने चाहिए। साथ ही उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट से आने वाले डाक मतपत्र की डिलीवरी तत्परता से करने का निर्देश दया। मौके पर उप डाक अधीक्षक कमलेश राम, डाक सहायक एसके गुप्ता, ।अभिषेक कुमार, जसलीम खान, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### मतदान कर्मियों में नियुक्ति पत्र वितरण



**धनबाद।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित आज जिला की सभी छह विधानसभा यथा सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी और बाघमारा विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान कर्मियों का विधानसभावार नियुक्ति पत्र निर्गत किया गया। इसके लिए धनबाद समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में सभी विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं सभी विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

### सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ सामान्य प्रेक्षक ने की बैठक



**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक डी. प्रशांथ कुमार रेड्डी ने आज झरिया विधानसभा के लिए समाहरणालय के सभागार में बैठक की। बैठक में झरिया विधानसभा के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को चुनाव संबंधी कर्तव्यों और प्रक्रियाओं पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये। सामान्य प्रेक्षक ने जोर देते हुए कहा कि ईवीएम की कमीशनिंग गंभीरता से की जानी चाहिए। सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को चुनाव प्रक्रिया के दौरान रूट प्लान प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करना होगा। साथ ही, प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रपत्रों को सही तरीके से भरने और ईवीएम की तकनीकी समस्याओं का समाधान करने की प्रक्रिया को गहराई से समझने की आवश्यकता है। बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वे घर-घर जाकर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करें, ताकि मतदाता चुनाव की जानकारी से अवगत हो सकें। इसके साथ ही झरिया विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने सभी मतदान केंद्रों पर फर्नीचर, इमरजेंसी लाइट, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को चुनाव के दिन की ड्यूटी के साथ-साथ पोल डे मैनेजमेंट सिस्टम, बूथ क्यू मैनेजमेंट सिस्टम एप्लिकेशन और मॉक पोल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

